फर्द अहकाम

**न्यायालय : सैशन न्यायाधीश दौसा**

उनवान : जितेन्द्र **बनाम** राजस्थान सरकार आदि

किस्म मुकदमा : दाण्डिक अपील संख्या–29 / 2026

सीएनआर नंबर : RJDS010003022026

| दिनांक | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज | नंबर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुआ। |
| --- | --- | --- |
| 15.07.2026 | श्री भुवनेश्वर प्रसाद गंगावत, विद्वान अधिवक्ता अपीलार्थी / अभियुक्त जितेन्द्र की ओर से उपस्थित।<br>अपीलार्थी / अभियुक्त जितेन्द्र उपस्थित नही, उसकी ओर से हाजिरी माफी पेश हुई जो इस शर्त पर स्वीकार की जाती है कि आगामी तारीख पर अपीलार्थी / अभियुक्त जितेन्द्र न्यायालय में असालतन उपस्थित आवें, अन्यथा न्यायालय उसके जमानत मुचलके जप्त सरकार कर लेगा।<br>श्री गोपाल लाल शर्मा, विद्वान लोक अभियोजक प्रत्यर्थी संख्या 1 राजस्थान राज्य की ओर से उपस्थित।<br>प्रत्यर्थी / परिवादी संख्या 2 महेन्द्र कुमार असालतन मय विद्वान अधिवक्ता श्री गुरू महेश्वर गंगावत उपस्थित।<br>विद्वान अधिवक्ता अपीलार्थी ने न्यायालय के समक्ष अण्डरटेंकिग दी यदि दिनांक 30.07.2026 तक आदेश दिनांक 21.04.2026 की अनुपालना नही की जाती है तो न्यायालय गुणावगुण के आधार पर अपील का निस्तारण करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।<br>उक्त परिस्थिति को देखते हुये न्यायालय द्वारा दिनांक 05.08.2026 तक का समय दिया जाता है।<br>पत्रावली वास्ते अनुपालना आदेश दिनांक 21.04.2026 हेतु दिनांक 05.08.2026 को पेश हो।<br>सैशन न्यायाधीश<br>दौसा (राज.) | |